Title: Need to open a Central School at Aara in Bhojpur district of Bihar-Laid.

श्री राम प्रसाद सिंह (आरा): अध्यक्ष महोदय, बिहार राज्य का भोजपुर जिला बहुत पुराना जिला है। इसकी आबादी लगभग 21 लाख है। इसका पुराना नाम शाहबाद था। इसी जिले के वीर कुंवर सिंह ने देश की आजादी की लड़ाई में बढ़-चढ़कर भाग लिया था। इसका मुख्यालयर 'आरा' में है। यह शहर शैक्षणिक व्यवसायिक और कृाि की दृटि से काफी आगे है। यहां वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय है। अनेक महाविद्यालय के साथ व्यवसायिक दृटि से काफी सम्पन्न है। जैनियों का पवित्र तीर्थस्थल है।

किंतु, इस जिला में अभी तक भारत सरकार की ओर से केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना नहीं की गयी है। फलस्वरूप इस जिले के मेधावी और गरीब छात्रों को पढ़ने के लिए दूसरे जिले, प्रांतों में जाना पड़ता है।

अतः भारत सरकार से अनुरोध है कि इस जिले के मुख्यालय 'आरा' में यथाशीघ्र एक केन्द्रीय विद्यालय खोलने के आदेश देने की कृपा करें।